>

Title: Need to consider Izzatnagar in Bareilley as an alternative site for setting up Rail Coach Factory proposed to be set up in Rai-Barelley, Uttar Pradesh-laid.

श्री संतोष गंगवार (बरेली) : महोदय, समाचार पत्रों व अन्य माध्यमों से ज्ञात हुआ है कि रायबरेली, उ0प्र0 में प्रस्तावित रेल कोच फैक्ट्री को क्षेत्रीय किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा भूमि में अधिग्रहण के लिए असमर्थता व्यक्त की है, इस कारण प्रतीत हो रहा है कि उक्त कोच फैक्ट्री रायबरेली में लगना संभव नहीं हो पायेगा। यदि सरकार इस कोच फैक्ट्री हेतु कोई अन्य स्थान तलाश करती है तो इसके लिए मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत इज्जतनगर, बरेली, उ0प्र0 को प्रस्तावित करता हूं। यह इस हेतु सर्वाधिक उपयुक्त स्थान है। वर्ष 1984 में रेल कोच फैक्ट्री हेतु इस स्थान को सर्वाधिक उपयुक्त माना गया, यहां पर पूर्वोत्तर रेल का मंडल कार्यालय है तथा पूर्वोत्तर रेल का डिब्बा सुधार व वेल्डिंग निर्माण का कारखाना एवं स्लीपर प्लांट है जहां आजकल न्यूनतम कार्य हो रहा है। इस कोच फैक्ट्री हेतु बरेली में पर्याप्त आधारभूत संरचना है और इस हेतु रेल के पास इतनी भूमी है कि उसे कृÂ◌ाकों की कोई जमीन नहीं लेनी पड़ेगी और तत्काल कार्य प्रारंभ किया जा सकता है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री से अनुरोध करता हूं कि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का कÂट करें।